Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to rehabilitate the people affected by the erosion in river Ganga in Bihar.

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): माननीय अध्यक्ष जी, कटिहार जिले के अन्तर्गत मेरे लोक सभा क्षेत्र में गंगा नदी बहती है और उस गंगा नदी में कोसी नदी, महानंदा , कारीकोसी, बरान्डी, गंडक नदी वगैरह सारी नदियां आकर मिलती हैं और बाढ़ के समय पानी का प्रवाह और जल प्रवाह इतना अधिक रहता है कि पानी के प्रवाह के कारण कटिहार जिले के अन्तर्गत मनिहारी प्रखंड के दिलारपुर, अवधपुर, बोलिया, बाघमाड़ा, गांधी टोला, पीर पहाड़ मजार, गोला घाट सहित कई गांव जो गंगा नदी के तेज बहाव एवं कटाव से प्रभावित हैं, उसी तरह से अमदाबाद प्रखंड के मेहूटोला, झब्बूटोला, कीर्ति टोला, युशुफ टोला ऐसे बहुत से गांव इन दिनों गंगा नदी और महानंदा से बुरी तरह से प्रभावित हैं और कटावग्रस्त हैं । यह बहुत गंभीर समस्या है । मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि यहां कटाव से बचाव किया जाए और कटाव पीड़ित हजारों परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए ।